सत्यमेव जयते

संख्या– / जी0एस0(शिक्षा) / A4-165(P-II) / 2019

प्रेषक,

**डा० रंजीत कुमार सिन्हा**
सचिव श्री राज्यपाल / कुलाधिपति।

सेवा में,

**कुलपति,**
वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
सुद्धोवाला, देहरादून।

**राज्यपाल / कुलाधिपति सचिवालय उत्तराखण्ड :** **देहरादून : दिनांक :** 3 NOV 2022 ~~अक्टूबर,~~ 2022

महोदय,

कृपया विश्वविद्यालय के पत्र संख्या–2000 व 2001, दिनांक 25–03–2021 तथा पत्र संख्या–2526 व 2536, दिनांक 28–02–2022 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2. उपरोक्त सन्दर्भ के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि नियामक संस्था, निरीक्षण मण्ड़ल, कुलपति व कुलसचिव, वी०मा०सिं०भ० उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त संस्तुति के दृष्टिगत विश्वविद्यालय अधिनियम, 2005 (यथा अद्यतन संशोधित) की धारा–24(2) के अधीन निम्नवत् संस्थान को उसके सम्मुख वर्णित पाठ्यक्रम, सीटों एवं अवधि की अस्थाई सम्बद्धता विस्तारण हेतु छात्रहित में मा0 कुलाधिपति द्वारा पूर्वानुमोदन निम्नवत् उपबन्धों के साथ प्रदान किया गया है :–

| संस्थान का नाम | पाठ्यक्रम | शैक्षिक सत्र एवं सीट संख्या | |
|---|---|---|---|
| | | 2020–21 | 2021–22 |
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| रामानन्द इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी एण्ड मैनेजमेंट, हरिद्वार–रूड़की रोड़, गोविन्द गार्डन, ज्वालापुर, हरिद्वार | **बी0टैक0 :–** | | |
| | 1. Civil Engg. | 60 | 60 |
| | 2. Computer Science & Information Technology | 30 | 30 |
| | 3. Electrical and Electronics Engg. | 90 | 90 |
| | 4. Electronics & Communication Engg. (Industry Integrated) | 30 | 30 |
| | 5. Mechanical Engg. | 90 | 90 |
| | एम0बी0ए0 | 120 | 120 |
| | एम0बी0ए0 (इन्टीग्रेटेड) | 60 | --- |
| | बी0फार्मा0 | 60 | --- |

(1) संस्थान की वेबसाईट पर उपलब्ध सूचना के अनुसार प्रश्नगत पाठ्यक्रम के अतिरिक्त संस्थान में बी.कॉम एवं बी.कॉम (आनर्स) पाठ्यक्रम भी संचालित किए जा रहे हैं। इन पाठ्यक्रमों को पृथक से संचालित करने हेतु अलग से सभी आधारभूत सुविधायें उपलब्ध होने के अभिलेख / आख्या राज्यपाल सचिवालय को उपलब्ध कराई जाये।

(2) एआईसीटीई के मानकानुसार संस्थान के पास प्रश्नगत पाठ्यक्रमों हेतु भूमि अपूर्ण है। प्राभूति राशि भी अपूर्ण है। इस सम्बन्ध में विश्वविद्यालय को निर्देशित किया जाता है कि संस्थान में संचालित पाठ्यक्रम बी0टैक0 एवं एम0बी0ए0 के सम्बन्ध में पृथक–पृथक रूप से मानक पूर्ण कराते हुए राज्यपाल सचिवालय को अवगत कराया जाये।

(3) विश्वविद्यालय द्वारा संस्थान की Annual Balance Sheet सम्बन्धी साक्ष्य की सत्यापित प्रति प्राप्त कर इस सचिवालय को उपलब्ध कराई जायेगी।

क्रमशः.....2 / ....

(4) उत्तराखण्ड शासन द्वारा शासनादेश दिनांक 14 दिसम्बर, 2016 द्वारा तथा व्यवसायिक पाठ्यक्रमों हेतु प्राभूति राशि के सम्बन्ध में शासन स्तर पर लिये गये निर्णय का पूर्ण रूप से अनुपालन विश्वविद्यालय व संस्थान द्वारा किया जायेगा, उसके अनुपालन की सूचना से इस सचिवालय को भी अवगत कराया जायेगा।

(5) विश्वविद्यालय द्वारा छात्र/छात्राओं की गुणवत्ता और व्यवहारिक शिक्षा में सुधार के लिए क्या कदम उठाए गये हैं, इसकी सूचना व संस्थानों द्वारा छात्रों की प्रायोगिक शिक्षा और इंटर्नशिप/विजिट के लिए किन समूहों, विभागों एवं कंपनियों के साथ समझौता (Tie-up or MoU) किया गया है, तत्सम्बन्धी अभिलेख एक माह के भीतर अनिवार्य रूप से इस सचिवालय को प्रेषित करना सुनिश्चित करें। अन्यथा की स्थिति में संस्थान की सम्बद्धता निरस्त कर दी जाएगी साथ ही अग्रेत्तर सत्रों की सम्बद्धता के सम्बन्ध में कोई विचार नहीं किया जायेगा।

(6) विश्वविद्यालय संस्थान द्वारा सोसाइटी/ट्रस्ट पंजीकरण अधिनियम के अन्तर्गत निर्धारित Legal Obligation पूर्ण किये जाने के सम्बन्ध में साक्ष्य सहित आख्या एक माह के भीतर राज्यपाल सचिवालय को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

(7) यदि संस्थान द्वारा एक या एक से अधिक विश्वविद्यालय से पाठ्यक्रम की सम्बद्धता प्राप्त की गई हो तो संस्थान समस्त पाठ्यक्रमों की सम्बद्धता को एक साथ रखकर पाठ्यक्रमवार मानक पूर्ण किये जाने के सम्बन्ध में आख्या संस्थान द्वारा विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराई जायेगी तथा संस्थान से प्राप्त आख्या का परीक्षण करते हुए विश्वविद्यालय द्वारा राज्यपाल सचिवालय को उपलब्ध कराई जायेगी।

(8) अग्रेत्तर सत्रों के सम्बद्धता प्रस्ताव नियामक संस्था, विश्वविद्यालय एवं शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप पूर्ण होने की दशा में ही स्वीकार किये जायेंगे अन्यथा की स्थिति में अपूर्ण प्रस्तावों पर विचार नही किया जायेगा, जिसका पूर्ण उत्तरदायित्व विश्वविद्यालय का होगा।

(9) शासन द्वारा दिनांक 28.10.2020 से उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय का नाम परिवर्तित कर वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय किया गया है। विश्वविद्यालय द्वारा सम्बद्धता आदेश निर्गत करते समय इसका संज्ञान रखा जायेगा।

(10) विश्वविद्यालय, नियामक संस्था, विश्वविद्यालय व राज्य सरकार द्वारा निर्धारित सभी मानकों के पूर्ण होने की दशा में ही कार्यपरिषद के अनुमोदन से विहित शर्तों/उपबन्धों के अधीन अस्थाई सम्बद्धता विस्तारण के आदेश निर्गत करे व तत्सम्बन्धी कार्यवाही की सूचना मा0 कुलाधिपति महोदय के अवगतार्थ उपलब्ध कराये।

तद्नुसार अग्रेत्तर कार्यवाही सुनिश्चित करें।

भवदीय,

**(डा० रंजीत कुमार सिन्हा)**
सचिव श्री राज्यपाल/कुलाधिपति।

**संख्या–2915 (1)/जी0एस0(शिक्षा)/A4-165(P-II)/2019 तद्दिनांकित।**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित :–

1. सचिव, तकनीकी शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड शासन।
2. प्राचार्य/निदेशक, संबंधित संस्थान।
3. कम्प्यूटर प्रकोष्ठ/गार्ड फाईल हेतु।

आज्ञा से,

**(स्वाति एस0 भदौरिया)**
अपर सचिव श्री राज्यपाल/कुलाधिपति।